# UPSC 2023 GS 3

## (Question Paper)

***Time Allowed : 3 hours*** ***Maximum Marks: 250***

<u>प्रश्न–पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश</u>

- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :
- कुल बीस प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न – सह उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।
- प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।
- प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए ।
- प्रश्न –सह– उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

**<u>QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS</u>**

- Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.
- There are TWENTY questions printed both in HINDI and in ENGLISH.
- All questions are compulsory.
- The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
- Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.
- Answers to Questions No. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Questions
- No. 11 to 20 should be in 250 words.
- Keep the word limit indicated in the questions in mind.
- Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off

1. जी० डी० पी० में विनिर्माण क्षेत्र विशेषकर एम० एस० एम० ई० की बढ़ी हुई हिस्सेदारी तेज आर्थिक संवृद्धि के लिए आवश्यक है। इस संबंध में सरकार की वर्तमान नीतियों पर टिप्पणी कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Faster economic growth requires increased share of the manufacturing sector in GDP, particularly of MSMEs. Comment on the present policies of the Government in this regard. (Answer in 150 words) 10

2. भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटिकरण की स्थिति क्या है? इस संबंध में आने वाली समस्याओं का परीक्षण कीजिए, और सुधार के लिए सुझाव दीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
What is the status of digitalization in the Indian economy? Examine the problems faced in this regard and suggest improvements. (Answer in 150 words ) 10.

3. कृषि उत्पादों के उत्पादन एवं विपणन में ई–तकनीक किसानों की किस प्रकार मदद करती है? इसे समझाइए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
How does e-Technology help farmers in production and marketing of agricultural produce? Explain it. (Answer in 150 words ) 10

4 भारत में भूमि सुधार के उद्देश्यों एवं उपायों को बताइए। आर्थिक मापदंडों के अंतर्गत, भूमि जोत पर भूमि सीमा नीति को कैसे एक प्रभावी सुधार माना जा सकता है, विवेचना कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
State the objectives and measures of land reforms in India. Discuss how land ceiling policy on landholding can be considered as an effective reform under economic criteria. (Answer in 150 words ) 10

5. कृत्रिम बुद्धि (ए० आइ० ) की अवधारणा का परिचय दीजिए। ए० आइ० क्लिनिकल निदान में कैसे मदद करता है? क्या आप स्वास्थ्य सेवा में ए० आइ० के उपयोग में व्यक्ति की निजता को कोई खतरा महसूस करते हैं? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Introduce the concept of Artificial Intelligence (AI). How does Al help clinical diagnosis? Do you perceive any threat to privacy of the individual in the use of Al in healthcare? (Answer in 150 words) 10

6. उन विभिन्न तरीकों पर चर्चा कीजिए जिनसे सूक्ष्मजीवी इस समय हो रही ईंधन की कमी से पार पाने में मदद कर सकते हैं। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Discuss several ways in which microorganisms can help in meeting the current fuel shortage. (Answer in 150 words ) 10

7. बाँधों की विफलता हमेशा प्रलयकारी होती हैं, विशेष रूप से नीचे की ओर, जिसके परिणामस्वरूप जीवन और संपत्ति का भारी नुकसान होता है। बाँधों की विफलता के विभिन्न कारणों का विश्लेषण कीजिए। बड़े बाँधों की विफलताओं के दो उदाहरण दीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Dam failures are always catastrophic, especially on the downstream side, resulting in a colossal loss of life and property. Analyze the various causes of dam failures. Give two examples of large dam failures. (Answer in 150 words) 10

**8.** तेल प्रदूषण क्या है? समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके प्रभाव क्या है? भारत जैसे देश के लिए किस तरह से तेल प्रदूषण विशेष रूप से हानिकारक है? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
What is oil pollution? What are its impacts on the marine ecosystem? In what way is oil pollution particularly harmful for a country like India? (Answer in 150 words ) 10

**9.** आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में जनसमुदाय का विश्वास बहाल करने में 'दिल और दिमाग' जीतना एक आवश्यक कदम है। इस संबंध में जम्मू और कश्मीर में संघर्ष समाधान के भाग के रूप में सरकार द्वारा अपनाए गए उपायों पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Winning of Hearts and Minds' in terrorism-affected areas is an essential step in restoring the trust of the population. Discuss the measures adopted by the Government in this respect as part of the conflict resolution in Jammu and Kashmir. (Answer in 150 words) 10

**10.** सीमा पार से शत्रुओं द्वारा हथियार / गोला–बारूद, ड्रग्स आदि मानवरहित हवाई वाहनों (यू० ए० वी०) की मदद से पहुँचाया जाना हमारी सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इस खतरे से निपटने के लिए किए जा रहे उपायों पर टिप्पणी कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
The use of unmanned aerial vehicles (UAVs) by our adversaries across the borders to ferry arms / ammunitions, drugs, etc., is a serious threat to the internal security. Comment on the measures being taken to tackle this threat. (Answer in 150 words) 10

**11.** भारत में सबसे ज्यादा बेरोजगारी प्रकृति में संरचनात्मक है। भारत में बेरोजगारी की गणना के लिए अपनाई गई पद्धति का परीक्षण कीजिए और सुधार के सुझाव दीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
Most of the unemployment in India is structural in nature. Examine the methodology adopted to compute unemployment in the country and suggest improvements. (Answer in 250 words) 15

**12.** 'देखभाल अर्थव्यवस्था' और 'मुद्रीकृत अर्थव्यवस्था' के बीच अंतर कीजिए। महिला सशक्तिकरण के द्वारा देखभाल अर्थव्यवस्था को मुद्रीकृत अर्थव्यवस्था में कैसे लाया जा सकता है? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
Distinguish between 'care economy' and 'monetized economy'. How can care economy be brought into monetized economy through women empowerment? (Answer in 250 words) 15

**13.** खपत पैटर्न एवं विपणन दशाओं में परिवर्तन के संदर्भ में, भारत में फसल प्रारूप (क्रॉपिंग पैटर्न) में हुए परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
Explain the changes in cropping pattern in India in the context of changes in consumption pattern and marketing conditions. (Answer in 250 words) 15

**14.** भारत में कृषि क्षेत्र को प्रदान की जाने वाली प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सब्सिडी क्या हैं? विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू० टी०. ओ०) द्वारा उठाए गए कृषि सब्सिडी संबंधित मुद्दों की विवेचना कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
What are the direct and indirect subsidies provided to farm sector in India? Discuss the issues raised by the World Trade Organization (WTO) in relation to agricultural subsidies. (Answer in 250 words) 15

**15.** इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहा है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने में इलेक्ट्रिक वाहन कैसे योगदान करते हैं और पारंपरिक दहन इंजन वाहनों की तुलना में वे क्या प्रमुख लाभ प्रदान करते हैं? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

The adoption of electric vehicles is rapidly growing worldwide. How do electric vehicles contribute to reducing carbon emissions and what are the key benefits they offer compared to traditional combustion engine vehicles? (Answer in 250 words ) 15

**16.** भारत के तीसरे चंद्रमा मिशन का मुख्य कार्य क्या है जिसे इसके पहले के मिशन में हासिल नहीं किया जा सका? जिन देशों ने इस कार्य को हासिल कर लिया है उनकी सूची दीजिए। प्रक्षेपित अंतरिक्ष–यान की उपप्रणालियों को प्रस्तुत कीजिए और विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र के 'आभासी प्रक्षेपण नियंत्रण केन्द्र' की उस भूमिका का वर्णन कीजिए जिसने श्रीहरिकोटा से सफल प्रक्षेपण में योगदान दिया है। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

What is the main task of India's third moon mission which could not be achieved in its earlier mission? List the countries that have achieved this task. Introduce the subsystems in the spacecraft launched and explain the role of the Virtual Launch Control Centre' at the Vikram Sarabhai Space Centre which contributed to the successful launch from Sriharikota. (Answer in 250 words ) 15

**17.** भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम पर टिप्पणी कीजिए और रामसर स्थलों में शामिल अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की भारत की कुछ आर्द्रभूमियों के नाम लिखिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Comment on the National Wetland Conservation Programme initiated by the Government of India and name a few India's wetlands of international importance included in the Ramsar Sites. (Answer in 250 words) 15

**18.** जलवायु परिवर्तन पर अंतर–सरकारी चौनल (आइ० पी० सी० सी०) ने वैश्विक समुद्र स्तर में 2100 ईस्वी तक लगभग एक मीटर की वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया है। हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत और दूसरे देशों में इसका क्या प्रभाव होगा? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

The Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) has predicted a global sea level rise of about one metre by AD 2100. What would be its impact in India and the other countries in the Indian Ocean region? (Answer in 250 words) 15

**19.** भारत द्वारा सामना की जाने वाली आंतरिक सुरक्षा चुनौतियाँ क्या हैं? ऐसे खतरों का मुकाबला करने के लिए नियुक्त केन्द्रीय खुफिया और जाँच एजेंसियों की भूमिका बताइए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

What are the internal security challenges being faced by India? Give out the role of Central Intelligence and Investigative Agencies tasked to counter such threats. (Answer in 250 words) 15

**20.** भारत में आतंकवाद के वित्तपोषण के प्रमुख स्रोत और इन स्रोतों की कटौती के लिए किए गए प्रयासों को बताइए। इस आलोक में, हाल ही में नयी दिल्ली में नवंबर 2022 में हुई 'आतंकवाद के लिए धन नहीं (एन० एम० एफ० टी०)' संगोष्ठी के लक्ष्य एवं उद्देश्य की भी विवेचना कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)
Give out the major sources of terror funding in India and the efforts being made to curtail these sources. In the light of this, also discuss the aim and objective of the No Money for Terror (NMFT)' Conference recently held at New Delhi in November 2022. (Answer in 250 words) 15

■■■